11

0331CH11

# एक जादुई पिटारा

## आनंदमयी कविता



एक पिटारा हमने खोला,
उसमें से निकला गप्पू गोला।

गोले पर जब बाँधी सुतली,
लगा नाचने बन कठपुतली।



कठपुतली ने गाड़े खूँट,
उसमें निकले नौ सौ ऊँट।

उन ऊँटों पर हुई सवारी,
मिली राह में एक सुपारी।

उसी सुपारी को जब काटा,
उसमें निकला नौ मन आटा।

उस आटे पर नारियल फोड़ा,
उसमें निकल पड़ा इक घोड़ा।



© NCERT not to be republished

घोड़े को जब ऐंड़ लगाई,
आसमान ले पहुँचा भाई।


पाया वहाँ एक गुब्बारा,
जिस पर छेद हुए थे बारा।

एक छेद पर था इस्टेशन,
जिस पर खड़ा हुआ था इंजन।

उस इंजन को धोया ऐसे,
उसमें निकल पड़े दो भैंसे।

भैंसे लाकर जोता खेत,
नाज हुआ बारह सौ सेर।

खा-खा नाज हुए दीवाने,
चले चाल, बेहद मस्ताने।



© NCERT not to be republished



## सोचिए और लिखिए

1. कविता के अनुसार पिटारा जब खोला गया तो उसमें से क्या-क्या निकला?
2. कविता में गिनती के कौन-कौन से अंक आए हैं? ढूँढ़कर लिखिए।
3. नौ मन आटा किसमें निकला?
4. किसान खेतों को जोतने के लिए किसका सहारा लेते हैं?



## खोजिए और लिखिए

**1. नीचे लिखे शब्दों से तुक मिलने वाले शब्द कविता से ढूँढ़कर लिखिए—**

खोला ..........................................

खूँट ..........................................

सवारी ..........................................

सुतली ..........................................

**2. जब एक हो तो 'गोला' कहलाता है और अनेक हों तो 'गोले'। नीचे दिए गए शब्दों को भी एक से अधिक मानकर उनके लिए शब्द लिखिए—**

| | एकवचन | | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| (क) | पिटारा | – | .......................................... |
| (ख) | घोड़ा | – | .......................................... |
| (ग) | भैंस | – | .......................................... |
| (घ) | गुब्बारा | – | .......................................... |



© NCERT not to be republished





Unit 3 80 to 99.indd 94 09-Apr-24 12:32:25 PM

### 3. नीचे दिए चित्रों को पहचानते हुए खेलों के नामों के साथ उनका मिलान कीजिए—



कठपुतली का खेल



रस्सी कूदने का खेल



जादूगर का खेल

© NCERT not to be republished

### 4. कविता के आधार पर पंक्तियों का उचित मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| (क) गोले पर जब बाँधी सुतली | (i) आसमान ले पहुँचा भाई |
| (ख) एक पिटारा हमने खोला | (ii) लगा नाचने बन कठपुतली |
| (ग) उन ऊँटों पर हुई सवारी | (iii) उसमें से निकला गप्पू गोला |
| (घ) घोड़े के जब ऐंड़ लगाई | (iv) मिली राह में एक सुपारी |





Unit 3 80 to 99.indd 95 09-Apr-24 12:32:27 PM

5. **नीचे लिखे अक्षरों के क्रम को व्यवस्थित करके सही शब्द लिखिए—**

उदाहरण – ड़ा/घो ..................घोड़ा..................

(क) चा/ना ........................................

(ख) रा/टा/पि ........................................


(ग) ला/क/नि ........................................

(घ) ला/गो ........................................

(ङ) श/का/आ ........................................



6. **नीचे दिए गए चित्रों में रंग भरिए। यदि आपको इनमें से किसी की सवारी करने का अवसर मिले तो आप किसकी सवारी करना चाहेंगे? उसके बारे में चार-पाँच पंक्तियों में अपने विचार लिखिए—**



..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................


..........................................................................................



© NCERT not to be republished

Unit 3 80 to 99.indd 96 09-Apr-24 12:32:28 PM

**7.** **नीचे जादुई पिटारे का एक चित्र दिया गया है। उसमें अपनी पसंद के रंग भरिए। आप भी अपना एक जादुई पिटारा बनाइए और बताइए कि आप उसमें क्या-क्या रखना चाहेंगे—**



© NCERT not to be republished

**मैं अपने जादुई पिटारे में ये वस्तुएँ रखूँगा—**


..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................



## मेरी कलाकारी

1. नीचे दिए गए चित्रों में तीलियों वाले पुतले दिखाए गए हैं। आप भी अपनी पसंद के फल, फूल, साग, पशु-पक्षियों व जानवरों के पुतले तैयार कीजिए। कठपुतलियों का एक पिटारा तैयार करने में अपने शिक्षक को सहयोग दीजिए।



© NCERT not to be republished




– इरफ़ान

(इकतारा ट्रस्ट की पत्रिका 'प्लूटो' से साभार)



Unit 3 80 to 99.indd 99 09-Apr-24 12:32:31 PM